# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 14-02-23 | 2 | 5-8 |

## एचएयू की छात्रा रिया ने कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। विवि के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने खिलाड़ी रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रो. काम्बोज ने कहा कि बालिकाओं को खेलकूद के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि भावी पीढ़ी शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सके।

**ग्रामीण पृष्ठभूमि से रखती हैं संबंध:** छात्रा रिया हिसार के मुजादपुर गांव से संबंध रखती हैं। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते हैं, जबकि माता कांता देवी एक गृहिणी हैं। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नेशनल खिलाड़ी हैं। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है। वह पढ़ाई के साथ खेल को भी पूरा समय देती हैं। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, हौटा अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह व कोच दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 14-02-23 | 4 | 7-8 |

## हकृवि की छात्रा रिया ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक



*कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ स्वर्ण पदक विजेता रिया।*

हिसार, 13 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने खिलाड़ी रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी।

छात्रा रिया गांव मुआदपुर से संबंध रखती हैं। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते हैं, जबकि माता कांता देवी एक गृहिणी है। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नैशनल खिलाड़ी हैं। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 14-02-23 | 10 | 2-5 |

### अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में चमकी

# हकृवि की छात्रा रिया ने कराटे में जीता स्वर्ण

**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी।**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ स्वर्ण पदक विजेता रिया। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने खिलाड़ी रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी। छात्रा रिया हिसार के मुजादपुर गांव से संबंध रखती हैं। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते है, जबकि माता कांता देवी एक गृहणी है। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नेशनल खिलाड़ी है। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है। वह पढ़ाई के साथ खेल को भी पूरा समय देती है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. बलजीत गिरधर, डॉ. करमल सिंह व कोच दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 14-02-23 | 5 | 3-4 |

## हकृवि की छात्रा रिया ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ स्वर्ण पदक विजेता रिया।

हिसार (सच कहूं न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कंबोज ने खिलाड़ी रिया को उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी और उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि बालिकाओं को खेल-कूद के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि भावी पीढ़ी शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सके। छात्रा रिया हिसार के मुंजादपुर गांव से संबंध रखती है। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते है, जबकि माता कांता देवी एक गृहणी है। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नेशनल खिलाड़ी है। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है। वह पढ़ाई के साथ खेल को भी पूरा समय देती है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, हौटा अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह व कोच दलजीत सिंह मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 13.02.2023 | -------- | -------- |

# हकृवि की छात्रा रिया ने खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे में स्वर्ण पदक जीता



कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ स्वर्ण पदक विजेता रिया।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियागिता में स्वर्ण पदक जीता है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने खिलाड़ी रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी और उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

रिया हिसार के मुजादपुर गांव से संबंध रखती हैं। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते है, जबकि माता कांता देवी एक गृहणी है। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नेशनल खिलाड़ी है। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, कोच दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| उत्तम हिन्दू | 14.02.2023 | ------- | ------- |

# हकृवि की छात्रा रिया ने कराटे में जीता स्वर्ण पदक



कुलपति प्रो. बी.आर काम्बोज के साथ स्वर्ण पदक विजेता रिया।

**उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क**

**हिसार/ सुखविन्दर कौर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियागिता में स्वर्ण पदक जीता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने खिलाड़ी रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी और उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि बालिकाओं को खेल-कूद के लिए प्रेरित करना चाहिए। छात्रा रिया हिसार के मुजादपुर गांव से संबंध रखती हैं। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते है, जबकि माता कांता देवी एक गृहणी है। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नेशनल खिलाड़ी है। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है। वह पढ़ाई के साथ खेल को भी पूरा समय देती है।

इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, हौटा अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह व कोच दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 13.02.2023 | -------- | ------- |

# हकृवि की छात्रा रिया ने कराटे में स्वर्ण पदक जीत किया विश्वविद्यालय का नाम रोशन



**हिसार, 13 फरवरी ( समस्त हरियाणा न्यूज )।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की छात्रा रिया मलिक ने अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कराटे प्रतियागिता में स्वर्ण पदक जीता है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने खिलाड़ी रिया की उपलब्धि की प्रशंसा कर बधाई दी और उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रो. काम्बोज ने कहा कि बालिकाओं को खेल-कूद के लिए प्रेरित करना चाहिए। ताकि भावी पीढ़ी शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सके। ग्रामीण पृष्ठभूमि से रखती है संबंध छात्रा रिया हिसार के मुजादपुर गांव से संबंध रखती हैं। उनके पिता राजपाल मलिक निजी व्यवसाय करते है, जबकि माता कांता देवी एक गृहणी है। रिया की बहन अदिति मलिक भी कराटे की नेशनल खिलाड़ी है। रिया का लक्ष्य इस खेल में नए कीर्तिमान बनाने का है। वह पढ़ाई के साथ खेल को भी पूरा समय देती है। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर, हौटा अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह व कोच दलजीत सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 14-02-22 | 2 | 7-8 |

## विद्या भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया




विद्या भारती पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में ग्रुप डांस की प्रस्तुति देती छात्राएं। • विज्ञप्ति

हिसार : विद्या भारती पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव वितरण समारोह स्कूल प्रांगण में मनाया। इस अवसर पर हकृवि कुलपति प्रोफेसर बीआर कंबोज मुख्यअतिथि व रजिस्ट्रार सुरेंद्र मेहता व उनकी पत्नी प्रोफेसर तनेजा व प्रोफेसर एसएल छाबड़ा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि बीआर कंबोज ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक केके शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, वेलकम डांस के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं के छात्रों ने भाग लिया। हरियाणवी नृत्य, देश भक्ति संगीत, फैंसी ड्रेस योगा, भांगड़ा, स्केट्स के डांस किए गए नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। (जासं)